तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **मगाराम मेघवाल** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 84/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09/12/2024	अपीलार्थी मगाराम मेघवाल निवासी मु. मतोड़ा, पोस्ट मतोड़ा, तहसील बापिणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 04.06.2024 को जिला कलक्टर महोदया को पत्र प्रेषित पत्र दिनांक 07.02.2019 की सूचना दो प्रतियों में एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 12326 दिनांक 27.11.2024 से बतलाया किं प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना तैयार कर पत्रांक 6866 दिनांक 12.07.2024 द्वारा अतिरिक्त जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण को प्रेषित की गई तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर जोधपुर ग्रामीण ने जरिये पत्र दिनोंक 12.08.2024 द्वारा उक्त तैयार सूचना से प्रार्थी को अवगत कराया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.[illegible] 18:02:09 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12325881